आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.08.2024 / 9:20 बजे

प्रादेशिक समाचार

प्रदेश विधान सभा का मानसून सत्र कल से शुरू होगा जो 9 सितंबर तक चलेगा। इस सत्र में कुल 10 बैठकें होगी। सत्र का शुभारंभ सुबह 11 बजे विधानसभा के तीन पूर्व सदस्यों टेकचंद, नारायण सिंह स्वामी और दौलत राम चौधरी के निधन पर शोकोद्गार के साथ होगा। इस दौरान दो दिन गैर सरकारी दिवस होगा। विधानसभा सत्र के लिए अभी तक कुल 8 सौ 42 प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। जिनमें 601 तारांकित जबकि 241 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। वहीं मॉनसून सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें कांग्रेस व भाजपा के प्रतिनिधि शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष इस दौरान सत्र के सुचारू संचालन और रचनात्मक सहयोग के लिए दोनों दलों से आग्रह करेंगे।

इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में आज शाम शिमला में आयोजित होगी वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल सुबह 9 बजे आयोजित की जायेगी। जिसमें सत्र को लेकर रणनीति तैयार की जायेगी।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व देश सहित प्रदेशभर में आज श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसे लेकर प्रदेशभर में मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जन्माष्टमी पर्व के चलते लोगों में काफी उत्साह है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि प्रसन्नता और उल्लास का यह पर्व हमें भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि ये पर्व सभी के जीवन में खुशियां लाएगा और ऊर्जा का संचार करेगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी से भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मणिमहेश डल झील में छोटे स्नान के साथ ही चंबा जिला की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा आज से आधिकारिक रूप से आरम्भ हो गई है। राधाष्टमी पर शाही स्नान के साथ 11 सितम्बर को इस यात्रा का समापन होगा। आज सुबह हजारों श्रद्धालुओं ने मणिमहेश डल झील में आस्था की डुबकी लगाई और कैलाश पर्वत के दर्शन

किए। समुद्र तल से करीब 13 हजार 500 फुट की ऊंचाई पर स्थित मणिमहेश डल झील तक श्रद्धालु हड़सर से 13 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर पहुंचते हैं। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास किए जा रहे हैं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

-----

28 अगस्त से शुरू हो रहे पेरिस पैरालंपिक में भारत 84 खिलाड़ियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है जो 12 खेलों में हिस्सा लेंगे। पैरा एथलेटिक्स टीम 38 प्रतिभागियों के साथ भारत की सबसे बड़ी टीम है।

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्की धूप के बीच बादल छाए हुए हैं। मॉनसून की सक्रियता से तापमान मे कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कल 27 व 28 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से–

आज सभी समाचार पत्रों ने कल हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला और दैनिक सवेरा टाईम्स का लगभग एक जैसा शीर्षक है–मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना को हरी झंडी, पुलिस जेल कर्मियों का परिवहन भत्ता 390 रूपये बढ़ाया। दैनिक भास्कर के शब्द है–निगम की बसों में यात्रा करने को पुलिसकर्मियों का मासिक शुल्क 110 से बढ़ाकर 5 सौ रूपये किया। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– अब 5 सौ रूपये देकर यात्रा कर पाएंगे पुलिस कर्मी। हिमाचल दस्तक लिखता है–नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में पहले से दाखिल बच्चों को 6 माह की छूट मिलेगी।

पंजाब केसरी की एक खबर है–भाजपा विधायक दल आज व कांग्रेस विधायक दल कल बनाएगा रणनीति, सत्र के हंगामेंदार रहने की सभावना।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–स्वामित्व योजना से लोगों को मिला जमीन का मालिकाना हक।

दैनिक जागरण की एक सुर्खी है–मणिमहेश यात्रा आज से, 15 दिन तक चलेगी।

मौसम पर हिमाचल दस्तक के शब्द हैं– प्रदेश में कल से फिर रफ्तार पकड़ेगा मॉनसून–6 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, 31 अगस्त तक खराब रहेगा मौसम। दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 6 जिलों में बरसे बादल' अब तक सामान्य से 5 प्रतिशत कम बारिश–दो दिन साफ रहेगा मौसम, 28 से सक्रिय होगा मॉनसून।